भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
08.02.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1099 का उत्तर

मानवरहित रेलवे क्रॉसिंग

1099. श्री सी.आर. पाटिल:
श्रीमती शारदा अनिल पटेल:
श्री मितेष पटेल (बकाभाई):

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कुल कितनी मानवरहित क्रॉसिंग (यूएमएलसी) हैं;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान इन मानवरहित क्रॉसिंगों पर वर्ष-वार/राज्य-वार कितनी दुर्घटनाएं हुई;

(ग) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों में गुजरात सहित देश में मानवरहित रेलवे क्रॉसिंगों पर चौकीदार की तैनाती हेतु कदम उठाए हैं; और

(घ) सरकार द्वारा इन मानवरहित क्रॉसिंगों के संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्िैनानी वैष्णव)

(क) से (घ): यात्री गाड़ी मार्ग पर पड़ने वाले भारतीय रेल की बड़ी लाइन (बीजी) नेटवर्क पर सभी मानव रहित समपारों (यूएमएलसी) को 31.01.2019 तक समाप्त कर दिए गए हैं। भारतीय रेल में केवल मीटर लाइन (एमजी) और छोटी लाइन (एनजी) खंडों पर 751 बिना चौकीदार वाले समपार मौजूद हैं, जो उन खंडों के आमान परिवर्तन के दौरान उन्मूलन के लिए योजनाबद्ध हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान बिना चौकीदार वाले समपारों पर परिणामी रेल

दुर्घटनाओं की संख्या शून्य है। देश में बिना चौकीदार वाले समपारों (यूएमएलसी) पर रेल दुर्घटनाओं को कम करने के लिए भारतीय रेल द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

- बड़ी लाइन (बीजी) पर सभी बिना चौकीदार वाले समपारों को 31.01.2019 तक हटा दिया गया है।
- उच्च रेल/सड़क वाहनों के यातायात वाले रेल फाटकों पर संरक्षा बढ़ाने के लिए या तो चौकीदार तैनात किए जाते हैं या सिग्नल के साथ इंटरलॉक किया जाता है।
- समपारों पर व्हिसल बोर्ड , रोड वार्निंग बोर्ड , स्पीड ब्रेकर आदि जैसी बुनियादी ढांचे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर अनुदेश और निरीक्षण अभियान चलाए जा रहे हैं।

  इसके अलावा, रेल फाटकों पर सुरक्षित मार्ग के लिए सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच संरक्षा संवेदनशीलता पैदा करने के लिए सार्वजनिक जागरूकता अभियान/ संरक्षा नारे चलाए जाते हैं।

****